प्रेस नोट, जालौन पुलिस

दिनांक – 26.09.2024

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को 01 अदद अवैध असलहा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार कर देशी शराब के ठेके से चोरी की गयी 14 अदद शराब की पेटी बरामद की गयी ।

थाना सिरसाकलार क्षेत्र के ग्राम जखा मे स्थित सरकारी देशी शराब के ठेके से शराब की पेटियां चोरी होने की घटना के सम्बन्ध मे वादी द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर थाना सिरसाकलार मे मु0अ0सं0 152/2024 धारा 331(4)/305(क) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दिनांक 25.09.2024 को थाना सिरसाकलार पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना मे शामिल अभियुक्त उम्मेद सिंह उर्फ भूरे पाल पुत्र श्री राम प्रकाश निवासी ग्राम जखा थाना सिरसाकलार जनपद जालौन को खोड़न तिराहे के पास से 01 अदद अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार कर देशी शराब के ठेके से चोरी की गयी 14 अदद शराब की पेटियों की बरामदगी की गयी है, अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. उम्मेद सिंह उर्फ भूरे पाल पुत्र श्री राम प्रकाश निवासी ग्राम जखा थाना सिरसाकलार जनपद जालौन।

बरामदगी-

1. 14 अदद शराब की पेटियां।
2. 01 अदद तमन्चा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. प्रभारी निरीक्षक थाना सिरसाकलार मय पुलिस टीम।